चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......

दिनांक 17.1.2019 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 2-5

टेक्नोलॉजी • ऑर्गेनिक खेती के साथ ऑर्गेनिक वेस्ट को खाद में तब्दील करने की योजना पर भी कार्य होगा, किसानों को सीखने का मौका मिलेगा

# एचएयू के 139 एकड़ में बन रहा देश का पहला मैकेनाइज्ड ऑर्गेनिक फार्म

वैभव कुमार शर्मा | हिसार

आने वाले समय में आर्गेनिक फार्मिंग व इनके प्रोडक्ट को देश का मार्केट तरजीह देगा, इसको लेकर देशभर में ऑर्गेनिक फार्मिंग पर जोर दिया जा रहा है। इसी प्रोजेक्ट के तहत देश का पहला मैकेनाइज्ड आर्गेनिक फार्म एचएयू में तैयार किया जा रहा है। एचएयू के 139 एकड़ में तैयार हो रहा यह फार्म ऑर्गेनिक खेती के साथ ऑर्गेनिक वेस्ट को खाद में तब्दील करने की योजना पर भी कार्य करेगा। खास बात है कि इस फार्म पर सिर्फ एचएयू के वैज्ञानिक ही नहीं बल्कि किसानों को भी आर्गेनिक फार्मिंग सीखने का मौका मिलेगा। एचएयू का मानना है कि अगले सीजन तक फार्म को सुचारू कर दिया जाएगा। एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि इसे दीनदयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सिलेंस फॉर ऑग्रेनिक फार्मिंग के नाम से जाना जाएगा।

## क्या होता है मैकेनाइज्ड फार्म

**वह खेत जहां इरीगेशन से लेकर सभी सुविधाएं एक विशेष सिस्टम के तहत लगी हुई होती हैं, इसमें तकनीकी का योगदान हो, उसे मैकेनाइज्ड फार्म कहा जाता है।** एचएयू के आर्गेनिक फार्म में भी कुछ इसी प्रकार की व्यवस्था की गई है। इसमें 1.70 करोड़ रुपए का ऑटोमेटिक सिंचाई प्रणाली का प्रयोग किया गया है। इस सिस्टम के तहत जरूरत के हिसाब से ही पानी का सिंचाई के लिए प्रयोग किया जाएगा। फार्म में फसलों के वेस्ट को एकत्रित किया जाएगा, इसके बाद इससे वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार की जाएगी। फिर इसी खाद को ऑर्गेनिक फार्म में फसलों के लिए प्रयोग किया जाएगा। किसानों को बताया जाएगा कि किस प्रकार ऑर्गेनिक वेस्ट से तैयार हुई खाद से उपज अच्छी और सेहत के लिए गुणवत्ता में उच्च रहती है। किसानों को यहां ट्रेनिंग दी जाएगी।



एचएयू में तैयार हो रहा मैकेनाइज्ड फार्म।

## पहली टिश्यू कल्चर लैब स्थापित होगी

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्व विद्यालय और महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय में 4.63 करोड़ रुपये से टिश्यू कल्चर लैब स्थापित होनी जा रही है। खास बात है कि यह हरियाणा की पहली ऐसी लैब होगी जो पौधों में होने वाले वायरल डिजीज की पहचान कर सकेगी, इसके साथ ही किसानों को अब बीज खराब होने जैसी दिक्कतों का सामना भी नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि इस लैब में जेनेटिक फेडिलिटी की सुविधा भी रहेगी। दरअसल राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत केन्द्र सरकार ने एचएयू के लिए में इस लैब की स्थापना को 2.13 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं तो इसी प्रकार 2.50 करोड़ रुपये से करनाल स्थित एमएचयू में भी एक लैब स्थापित की जाएगी। खास बात है कि यह लैब बीसीआईएल से सर्टिफाइड होगी। इसके जरिए किसान हिसार और करनाल दोनों ही शहरों में अपने बीज और पौधों की टेस्टिंग करा सकेंगे।



एचएयू में स्वस्थ भारत अभियान के तहत आयोजित दौड़ में भाग लेतीं शिक्षिकाएं और छात्राएं। अमर उजाला

# स्वस्थ भारत अभियान में दौड़ीं छात्राएं प्राध्यापिकाएं और महिला कर्मचारी

## महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है स्वस्थ भारत अभियान का उद्देश्य

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के होम साइंस कॉलेज के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग द्वारा स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत बुधवार को दौड़ का आयोजन किया गया। होम साइंस कॉलेज की डीन डॉ. बिमला ढांडा ने इस दौड़ में शामिल छात्राओं, प्राध्यापिकाओं और महिला कर्मचारियों को दौड़ के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

इस मौके पर डॉ. बिमला ढांडा ने कहा कि दौड़ एक ऐसा अभ्यास है, जोकि निशुल्क है तथा इसमें किसी मशीन या उपकरण की आवश्यकता नहीं। इसके फायदे केवल दौड़ के समय ही नहीं, बल्कि जीवनभर रहते हैं, इसलिए यदि महिलाएं अपने आपको स्वस्थ और फिट रखना चाहती हैं तो उन्हें इसे अपने जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए।

मेजबान विभाग की अध्यक्ष डॉ. किरण सिंह ने बताया कि दौड़ में 20 छात्राएं, प्राध्यापिकाएं एवं महिला कर्मचारी एक साथ रोजाना 5 किलोमीटर दौड़कर 10 दिनों में 1000 किलोमीटर की दौड़ पूरी करेंगी। कार्यक्रम की समाप्ति 2 फरवरी को होगी। उन्होंने बताया कि इस दौड़ में किलोमीटर रिकॉर्ड करने के लिए रनकीपर ऐप प्रयोग किया जा रहा है।

डॉ. किरण सिंह के अनुसार स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में स्वस्थ भोजन, योग, सत्र, जुंबा और एरोबिक कक्षाओं पर व्याख्यान होंगे तथा एचबी, बीएमआर, कोलेस्ट्रोल स्तर आदि की लगातार निगरानी होगी। स्वस्थ छात्र व कर्मचारी को पदक व प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........पंजाब केसरी........
दिनांक 17.1.2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 4-5

# 10 दिन में 1000 कि.मी. दौड़कर बनाएंगे रिकार्ड



दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती डा.बिमला ढांडा।

## स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत दौड़ की हुई शुरूआत

हिसार, 16 जनवरी (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के होम साइंस कालेज के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग द्वारा स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत बुधवार को दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें हिस्सा लेने वाली स्टूडैंट्स एवं स्टाफ हर रोज दौड़ लगाकर 10 दिन में 1000 कि.मी. दौड़कर रिकार्ड बनाएंगे। होम साइंस कालेज की डीन डा. बिमला ढांडा ने इस दौड़ में शामिल छात्राओं, प्राध्यापिकाओं और महिला कर्मचारियों झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस मौके पर डा. बिमला ढांडा ने कहा कि दौड़ एक ऐसी एक्ससाइज है जोकि नि:शुल्क है तथा इसमें किसी मशीन या उपकरण की आवश्यकता नहीं। इसके फायदे जीवनभर रहते हैं इसलिए यदि महिलाएं अपने आपको स्वस्थ और फिट रखना चाहती हैं तो उन्हें इसे अपने जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। मेजबान विभाग की अध्यक्ष डा. किरण सिंह ने बताया कि इसमें 20 छात्राएं, प्राध्यापिकाएं एवं महिला कर्मचारी एक साथ रोजाना 5 कि.मी. दौड़कर 10 दिनों में 1000 किलोमीटर की दौड़ पूरी करेंगी। कार्यक्रम की समाप्ति 2 फरवरी को होगी। उन्होंने बताया कि इस दौड़ में किलोमीटर रिकार्ड करने के लिए रनकीपर एप प्रयोग किया जा रहा है। डा. किरण सिंह के अनुसार स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में स्वस्थ भोजन, योग, सत्र, जुम्बा और एरोबिक कक्षाओं पर व्याख्यान होंगे तथा एच.बी., बी.एम.आर., कोलेस्ट्रोल स्तर आदि की लगातार निगरानी होगी। स्वस्थ छात्र व कर्मचारी को पदक व प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक ट्रिब्यून, दैनिक जागरण

दिनांक 17.1.2019 पृष्ठ सं. 7, 15 कॉलम 1-2, 4-5

# हकृवि में छात्राओं, अध्यापिकाओं को दौड़ाया



हिसार में बुधवार को स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना करती होम साइंस कॉलेज की डीन डॉ. बिमला ढांडा। -निस

**हिसार (निस) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के होम साइंस कॉलेज के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग द्वारा स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत दौड़ का आयोजन किया गया। होम साइंस कॉलेज की डीन ने दौड़ में शामिल छात्राओं, प्राध्यापिकाओं और महिला कर्मचारियों की दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। साइंस कॉलेज की डीन डॉ. बिमला ढांडा ने कहा कि दौड़ एक ऐसी एक्सरसाइज है, जोकि निःशुल्क है तथा इसमें किसी मशीन या उपकरण की आवश्यकता नहीं। मेजबान विभाग की अध्यक्ष डॉ. किरण सिंह ने उपरोक्त दौड़ बारे बताया कि इसमें 20 छात्राएं, प्राध्यापिकाएं एवं महिला कर्मचारी एकसाथ रोजाना 5 किमी दौड़कर 10 दिनों में 1000 किलोमीटर की दौड़ पूरी करेंगी।

# एक हजार किलोमीटर दौड़ेंगीं एचएयू की छात्राएं और अध्यापिकाएं

जासं, हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के होम साइंस कालेज के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग की तरफ से स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। होम साइंस कालेज की डीन डा. बिमला ढांडा ने इस दौड़ में शामिल छात्राओं, प्राध्यापिकाओं और महिला कर्मचारियों को दौड़ के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस मौके पर डा. बिमला ढांडा ने कहा कि दौड़ एक ऐसी एक्सरसाइज है जो निशुल्क है। इसके फायदे केवल दौड़ के समय ही नहीं, बल्कि जीवनभर रहते हैं। इसलिए यदि महिलाएं अपने आपको स्वस्थ और फिट रखना चाहती हैं तो उन्हें इसे अपने जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। विभाग की अध्यक्ष डा. किरण सिंह ने बताया कि इसमें 20 छात्राएं, प्राध्यापिकाएं एवं महिला कर्मचारी एकसाथ रोजाना 5 किमी दौड़कर 10 दिनों में 1000 किलोमीटर की दौड़ पूरी करेंगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........ नभ छोर ........
दिनांक 16.1.2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 1-4

# दौड़ करने के फायदे जीवनभर रहते हैं: डॉ. ढांडा

हिसार/16 जनवरी/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के होम साइंस कॉलेज के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग द्वारा स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत दौड़ का आयोजन किया गया। कॉलेज की डीन डॉ. बिमला ढांडा ने इस दौड़ में शामिल छात्राओं, प्राध्यापिकाओं और महिला कर्मचारियों को दौड़ के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ का प्रनुख उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस मौके पर डॉ. ढांडा ने कहा कि दौड़ एक ऐसी एक्ससाइज है जोकि नि:शुल्क है तथा इसमें किसी मशीन या उपकरण की आवश्यकता नहीं। इसके फायदे केवल दौड़ के समय ही नहीं बल्कि जीवनभर रहते हैं। इसलिए यदि महिलाएं स्वयं को स्वस्थ और फिट रखना चाहती हैं तो उन्हें इसे अपने जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। मेजबान विभाग की अध्यक्ष डॉ. किरण सिंह ने बताया कि दौड़ में 20 छात्राएं, प्राध्यापिकाएं एवं महिला कर्मचारी एकसाथ रोजाना 5 किलोमीटर दौड़कर 10 दिनों में 1000 किलोमीटर की दौड़ पूरी करेंगी। कार्यक्रम की समाप्ति 2 फरवरी को होगी। उन्होंने बताया कि इस दौड़ में किलोमीटर रिकार्ड करने के लिए रनकीपर एप प्रयोग किया जा रहा है। डॉ. किरण सिंह के अनुसार स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में स्वस्थ भोजन, योग, सत्र, जुम्बा और एरोबिक कक्षाओं पर व्याख्यान होंगे तथा एचबी, बीएमआर, कोलेस्ट्रोल स्तर आदि की लगातार निगरानी होगी। स्वस्थ छात्र व कर्मचारी को पदक व प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे।



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........सिटी पल्स........

दिनांक 16.1.2019 पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...4-7...

# होम साइंस कॉलेज में स्वस्थ भारत अभियान के तहत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

## कॉलेज की डीन डॉ. बिमला ढांडा ने दौड़ को झंडी दिखाकर किया रवाना

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के होम साइंस कॉलेज के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग द्वारा स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत दौड़ का आयोजन किया गया। होम साइंस कॉलेज की डीन डॉ. बिमला ढांडा ने इस दौड़ में शामिल छात्राओं, प्राध्यापिकाओं और महिला कर्मचारियों को दौड़ के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

इस मौके पर डॉ. बिमला ढांडा ने कहा कि दौड़ एक ऐसी एक्ससाइज है जोकि निःशुल्क है तथा इसमें किसी मशीन या उपकरण की आवश्यकता नहीं। इसके फायदे केवल दौड़ के समय ही नहीं बल्कि जीवनभर रहते हैं। इसलिए यदि महिलाएं अपने आपको स्वस्थ और फिट रखना चाहती हैं तो उन्हें इसे अपने जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए।

मेजबान विभाग की अध्यक्ष डॉ. किरण सिंह ने उपरोक्त दौड़ बारे बताया कि इसमें 20 छात्राएं, प्राध्यापिकाएं एवं महिला कर्मचारी एकसाथ रोजाना 5 किलोमीटर दौड़कर 10 दिनों में 1000 किलोमीटर की दौड़ पूरी करेंगी। कार्यक्रम की समाप्ति 2 फरवरी को होगी। उन्होंने बताया कि इस दौड़ में किलोमीटर रिकॉर्ड करने के लिए रनकीपर एप प्रयोग किया जा रहा है। डॉ. किरण सिंह के अनुसार स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में स्वस्थ भोजन, योग, सत्र, जुम्बा और एरोबिक कक्षाओं पर व्याख्यान होंगे तथा एचबी, बीएमआर, कोलेस्ट्रोल स्तर आदि की लगातार निगरानी होगी। स्वस्थ छात्र व कर्मचारी को पदक व प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे।



*हिसार। होम साइंस कॉलेज की डीन डॉ. बिमला ढांडा दौड़ को झंडी दिखाते हुए।*

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......नित्य शक्ति टाइम्स......

दिनांक ...16.1.2019... पृष्ठ सं. ...6... कॉलम ...3-5...

# दौड़ निशुल्क एक्सरसाइज : ढांडा

हिसार, 16 जनवरी ( निस )। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के होम साइंस कॉलेज के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग द्वारा स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत दौड़ का आयोजन किया गया। होम साइंस कॉलेज की डीन डॉ. बिमला ढांडा ने इस दौड़ में शामिल छात्राओं, प्राध्यापिकाओं और महिला कर्मचारियों को दौड़ के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

**स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत दौड़ का आयोजन**



इस मौके पर डॉ. बिमला ढांडा ने कहा कि दौड़ एक ऐसी एक्ससाइज है जो कि नि:शुल्क है तथा इसमें किसी मशीन या उपकरण की आवश्यकता नहीं। इसके फायदे केवल दौड़ के समय ही नहीं बल्कि जीवनभर रहते हैं। इसलिए यदि महिलाएं अपने आपको स्वस्थ और फिट रखना चाहती हैं तो उन्हें इसे अपने जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए।

मेजबान विभाग की अध्यक्ष डॉ. किरण सिंह ने उपरोक्त दौड़ बारे बताया कि इसमें 20 छात्राएँ, प्राध्यापिकाएं एवं महिला कर्मचारी एकसाथ रोजाना 5 कि.मी. दौड़कर 10 दिनों में 1000 किलोमीटर की दौड़ पूरी करेंगी। कार्यक्रम की समाप्ति 2 फरवरी को होगी। उन्होंने बताया कि इस दौड़ में किलोमीटर रिकार्ड करने के लिए रनकीपर ऐप प्रयोग किया जा रहा है। डॉ. किरण सिंह के अनुसार स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में स्वस्थ भोजन, योग, सत्र, जुम्बा और ऐरोबिक कक्षाओं पर व्याख्यान होंगे तथा एचबी, बीएमआर, कोलेस्ट्रोल स्तर आदि की लगातार निगरानी होगी। स्वस्थ छात्र व कर्मचारी को पदक व प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....अमर उजाला....

दिनांक 17-1-2019 पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...3-5...

# एचएयू छात्रों को प्रशिक्षण के लिए कराएगा अमृतसर का दौरा

## दो सप्ताह के प्रशिक्षण शिविर में 24 विद्यार्थी ले रहे भाग

अमर उजाला ब्यूरो



प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया।

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बुधवार को बागवानी फसलों की पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी विषय पर प्रशिक्षण आरंभ हुआ।

एचएयू छात्रों को पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना, सेंट्रल इंस्टीटयूट ऑफ पोस्टहार्वेस्ट इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीएचइटी) लुधियाना तथा कृषि विज्ञान केंद्र अमृतसर ले जाकर हॉर्टिकल्चर क्रॉप्स की पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी के बारे में भी अवगत करवाया जाएगा। विश्वविद्यालय के बागवानी विभाग द्वारा छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सहयोग से आयोजित किए गए इस दो सप्ताह के प्रशिक्षण में 24 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। उन्होंने हरियाणा में बागवानी के विकास के लिए फसल कटाई प्रबंधन पर बल दिया।

डॉ. दहिया ने कहा कि केवल बागवानी उपज की हो रही हानि को रोककर बागवानी उपज में 15 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। बागवानी फसलों के नुकसान को कम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर भी प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण में छात्र हॉर्टिकल्चर क्रॉप्स के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो सकेंगे। डॉ. दहिया ने छात्रों के लाभ के लिए छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी और कहा कि निदेशालय शीघ्र ही छात्रों के लिए व्यक्तित्व विकास विषय पर प्रशिक्षणों का आयोजन करेगा। उन्होंने छात्रों को हर समय मदद प्रदान करने का आश्वासन दिया।

### इनका दिया जाएगा प्रशिक्षण

पाठ्यक्रम संयोजक डॉ. आरके गोयल ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को बागवानी फसलों, परिपक्वता सूचकांक, प्री-कूलिंग, सॉर्टिंग, ग्रेडिंग, वैक्सिंग, पैकेजिंग, स्टोरेज इत्यादि के बाद फसल के प्रबंधन के पहलुओं पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक भास्कर........

दिनांक 17.1.2019 पृष्ठ सं. ....5.... कॉलम ....1-3....

# पंजाब से एचएयू के छात्र सीखेंगे हॉर्टिकल्चर क्रॉप्स की पोस्टहार्वेस्ट टेक्नोलॉजी

## प्रशिक्षण में 24 छात्र ले रहे भाग

भास्कर न्यूज | हिसार

बागवानी फसलों में पोस्ट हार्वेस्टिंग तकनीक को सीखने के लिए एचएयू के छात्र पंजाब जाएंगे। छात्रों को पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट हार्वेस्ट इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीएचइटी), लुधियाना तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, अमृतसर ले जाकर हॉर्टिकल्चर क्रॉप्स की पोस्टहार्वेस्ट टेक्नोलॉजी के बारे में अवगत करवाया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें प्री-कूलिंग, सॉर्टिंग, ग्रेडिंग, वैक्सिंग, पैकेजिंग, स्टोरेज आदि बताए गए। यहां उन्हें फसल के प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया जाएगा। दरअसल, एचएयू में बागवानी फसलों की हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी विषय पर प्रशिक्षण हुआ। विवि के बागवानी विभाग द्वारा छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सैल के सहयोग से आयोजित किए। इस दो सप्ताह के प्रशिक्षण में 24 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। छात्र कल्याण निदेशक,



एचएयू में पोस्ट हार्वेस्टिंग विषय पर प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते डॉ. डीएस दहिया।

डॉ. डीएस दहिया ने प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। उन्होंने हरियाणा में बागवानी के विकास के लिए फसल कटाई प्रबंधन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि केवल बागवानी उपज की हो रही हानि को रोककर बागवानी 15 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। उन्होंने बागवानी फसलों के नुकसान को कम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। पाठ्यक्रम संयोजक डॉ. आरके गोयल ने अतिथियों का स्वागत किया।

# बागवानी फसलों की पोस्ट हार्वेस्ट टैक्नोलॉजी विषय पर प्रशिक्षण आरंभ



हिसार/16 जनवरी/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बागवानी फसलों की पोस्ट हार्वेस्ट टैक्नोलॉजी विषय पर प्रशिक्षण आरंभ हुआ। बागवानी विभाग द्वारा छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसलिग एंड प्लेसमैंट सैल के सहयोग से आयोजित किए गए इस दो सप्ताह के प्रशिक्षण में 24 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. डीएस दहिया ने इस प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। उन्होंने हरियाणा में बागवानी के विकास के लिए फसल कटाई प्रबंधन पर बल दिया। उन्होंने कहा केवल बागवानी उपज की हो रही हानि को रोककर बागवानी उपज में 15 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। उन्होंने बागवानी फसलों के नुकसान को कम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण में छात्र हॉर्टिकल्चर क्रॉप्स के क्षेत्र में नवीनतन तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो सकेंगे। डॉ. दहिया ने छात्रों के लाभ के लिए छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी और कहा कि निदेशालय शीघ्र ही छात्रों के लिए व्यक्तित्व विकास विषय पर प्रशिक्षणों का आयोजन करेगा। उन्होंने छात्रों को हर समय मदद प्रदान करने का आश्वासन दिया। पाठ्यक्रम संयोजक डॉ. आरके गोयल ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों को नवीनतम ज्ञान प्रदान करना तथा अपने हाथ से प्रयोग करके अनुभव प्राप्त करना है ताकि स्नातक उद्योगों में शामिल होने पर आने वाली चुनौतियों के लिए तत्पर हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण दौरान विद्यार्थियों को बागवानी फसलों, परिपक्वता सूचकांक, प्री-कूलिंग, सॉर्टिंग, ग्रेडिंग, वैक्सिंग, पैकेजिंग, स्टोरेज इत्यादि के बाद फसल के प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया जाएगा। छात्रों को पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना, सैंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्टहार्वेस्ट इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीएचइटी), लुधियाना तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, अमृतसर ले जाकर हॉर्टिकल्चर क्रॉप्स की पोस्टहार्वेस्ट टैक्नोलॉजी के बारे में भी अवगत करवाया जाएगा। इस अवसर पर पाठ्यक्रम संयोजक डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने काउंसलिग एंड प्लेसमैंट सैल की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ...सिटी पल्स...

दिनांक 16.1.2019 पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...4-7...

शिविर | दो सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 24 विद्यार्थी ले रहे हैं भाग

# हकृवि में बागवानी फसलों की पोस्ट हार्वेस्ट टैक्नोलॉजी विषय पर प्रशिक्षण हुआ आरंभ

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बागवानी फसलों की पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी विषय पर प्रशिक्षण आरंभ हुआ। विश्वविद्यालय के बागवानी विभाग द्वारा छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसलिंग एंड प्लेसमैंट सैल के सहयोग से आयोजित किए गए इस दो सप्ताह के प्रशिक्षण में 24 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. डीएस दहिया ने इस प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। उन्होंने हरियाणा में बागवानी के विकास के लिए फसल कटाई प्रबंधन पर बल दिया। उन्होंने कहा केवल बागवानी उपज की हो रही हानि को रोककर बागवानी उपज में 15 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। उन्होंने बागवानी फसलों के नुकसान को कम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला।



हिसार। छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. डीएस दहिया प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए।

डॉ. दहिया ने छात्रों के लाभ के लिए छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी और कहा कि निदेशालय शीघ्र ही छात्रों के लिए व्यक्तित्व विकास विषय पर प्रशिक्षणों का आयोजन करेगा। उन्होंने छात्रों को हर समय मदद प्रदान करने का आश्वासन दिया। पाठ्यक्रम संयोजक डॉ. आरके गोयल ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों को नवीनतम ज्ञान प्रदान करना तथा अपने हाथ से प्रयोग करके अनुभव प्राप्त करना है ताकि स्नातक उद्योगों में शामिल होने पर आने वाली चुनौतियों के लिए तत्पर हो सकें। इस अवसर पर पाठ्यक्रम संयोजक डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने काउंसलिंग एंड प्लेसमैंट सैल की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक जागरण....

दिनांक ..17.1.2019.. पृष्ठ सं. ....15.... कॉलम ....6-8....

# बागवानी ऊपज की हानि को रोककर बढ़ाया जा सकता है लाभ : डा. दहिया

जागरण संवाददाता हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बागवानी फसलों की पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी विषय पर प्रशिक्षण आरंभ हुआ। दो सप्ताह के प्रशिक्षण में 24 विद्यार्थी भाग ले रहे है। छात्र कल्याण निदेशक डा. डीएस दहिया ने इस प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। उन्होंने हरियाणा में बागवानी के विकास के लिए फसल कटाई प्रबंधन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि केवल बागवानी उपज की हो रही हानि को रोककर बागवानी उपज में 15 फीसद की वृद्धि हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण में छात्र हॉर्टिकल्चर क्रॉप के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो सकेंगे।

डा. दहिया ने कहा कि निदेशालय शीघ्र ही छात्रों के लिए व्यक्तित्व विकास विषय पर प्रशिक्षणों का आयोजन करेगा। पाठयक्रम संयोजक डा. आरके गोयल ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों को नवीनतम ज्ञान प्रदान करना और अपने हाथ से प्रयोग करके अनुभव प्राप्त करना है, ताकि स्नातक उद्योगों में शामिल होने पर आने वाली चुनौतियों के लिए तत्पर हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण दौरान विद्यार्थियों को बागवानी फसलों, परिपक्वता सूचकांक, प्री-कूलिंग, सॉर्टिंग, ग्रेडिंग, वैक्सिग, पैकेजिंग, स्टोरेज इत्यादि के बाद फसल के प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया जाएगा। इस अवसर पर पाठयक्रम संयोजक डा. ओमेन्द्र सांगवान ने काउंसलिग एंड प्लेसमेंट सेल की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय
समाचार-पत्र का नाम ........नित्य शोभित टाइम्स........
दिनांक ..16.1.2019.... पृष्ठ सं. .....3...... कॉलम .....1-2.......

# बागवानी उपज की हानि रोककर उपज में कर सकतें 15 प्रतिशत की वृद्धि : दहिया

हिसार, 16 जनवरी (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बागवानी फसलों की पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी विषय पर प्रशिक्षण आरंभ हुआ। विश्वविद्यालय के बागवानी विभाग द्वारा छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसलिग एंड प्लेसमेंट सैल के सहयोग से आयोजित किए गए इस दो सप्ताह के प्रशिक्षण में 24 विद्यार्थी भाग ले रहे है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने इस प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। उन्होंने हरियाणा में बागवानी के विकास के लिए फसल कटाई प्रबंधन पर बल दिया। उन्होंने कहा केवल बागवानी उपज की हो रही हानि को रोककर बागवानी उपज में 15 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। उन्होंने बागवानी फसलों के नुकसान को कम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण में छात्र हॉर्टिकल्चर क्रॉप्स के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो सकेंगे। डॉ. दहिया ने छात्रों के लाभ के लिए छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी और कहा कि निदेशालय शीघ्र ही छात्रों के लिए व्यक्तित्व विकास विषय पर प्रशिक्षणों का आयोजन करेगा। उन्होंने छात्रों को हर समय मदद प्रदान करने का आश्वासन दिया। पाठ्यक्रम संयोजक डॉ. आरके गोयल ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों को नवीनतम ज्ञान प्रदान करना तथा अपने हाथ से प्रयोग करके अनुभव प्राप्त करना है ताकि स्नातक उद्योगों में शामिल होने पर आने वाली चुनौतियों के लिए तत्पर हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण दौरान विद्यार्थियों को बागवानी फसलों, परिपक्वता सूचकांक, प्री-कूलिंग, सॉर्टिंग, ग्रेडिंग, वैक्सिंग, पैकेजिंग, स्टोरेज इत्यादि के बाद फसल के प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया जाएगा। इस अवसर पर पाठ्यक्रम संयोजक डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने काउंसलिग एंड प्लेसमेंट सैल की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........अमर उजाला, पंजाब केसरी........

दिनांक 17.1.2019... पृष्ठ सं. ...4, 5... कॉलम ...4-6, 7-8...

## एचएयू की छात्राओं ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली



रैली निकालते एचएयू के विद्यार्थी व ग्रामीण। *अमर उजाला*

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा गांव रावलवास खुर्द में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। गृह विज्ञान महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं डॉ. मंजू मेहता एवं डॉ. राजेश दहिया के मार्गदर्शन में इस रैली में गृह विज्ञान महाविद्यालय की अंतिम वर्ष की 80 छात्राओं ने हाथ में स्वच्छता संबंधित नारे व संदेश की पट्टियां लेकर पूरे गांव में स्वच्छता का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि गृह विज्ञान महाविद्यालय की अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए हर वर्ष एक महीने के ग्रामीण गृह कार्यानुभव (रावे) कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसके अंतर्गत छात्राओं द्वारा गांव की महिलाओं को गृह विज्ञान संबंधित नई-नई तकनीकों की जानकारी प्रदान की जाती है। रैली के समापन के बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी डॉ. अशोक सेठी ने उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह एवं बैंक से लोन प्राप्त करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान सभी को स्वाइन फ्लू, टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं की देखभाल संबंधी जानकारी भी दी गई।

## रावलवास खुर्द में निकाली स्वच्छता रैली



*रैली में भाग लेती हुए प्राध्यापिकाएं, ग्रामीण महिलाएं एवं विद्यार्थी।*

हिसार, 16 जनवरी (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय द्वारा रावलदास खुर्द में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें गांव की महिलाओं, पुरुषों व बच्चों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। गृह विज्ञान महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं डा. मंजू मेहता एवं डा. राजेश दहिया के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। इस रैली में गृहविज्ञान महाविद्यालय की अंतिम वर्ष की 80 छात्राओं ने हाथ में स्वच्छता संबंधित नारे व संदेश की पट्टियां लेकर स्वच्छता का संदेश दिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर....

दिनांक 17.1.2019 पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ....3-4....

# 80 छात्राओं ने रैली निकाल कर दिया स्वच्छता का संदेश



हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय द्वारा गांव रावलवास खुर्द में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इसमें गांव की महिलाओं, पुरुषों व बच्चों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। गृह विज्ञान महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं डॉ. मंजू मेहता एवं डॉ. राजेश दहिया के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। इस रैली में गृहविज्ञान महाविद्यालय की अंतिम वर्ष की 80 छात्राओं ने हाथ में स्वच्छता संबंधित नारे व संदेश की पट्टियां लेकर पूरे गांव में स्वच्छता का संदेश दिया। गौरतलब है कि गृहविज्ञान महाविद्यालय की अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए हर वर्ष एक महीने के ग्रामीण गृह कार्यानुभव (रावे) कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसके अंतर्गत छात्राओं द्वारा गांव की महिलाओं को गृहविज्ञान संबंधित नई-नई तकनीकों की जानकारी प्रदान की जाती है। रैली के समापन बाद डॉ. अशोक सेठी ने उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह एवं बैंक से लोन प्राप्त करने संबंधी जानकारी दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......

दिनांक 17. 1. 2019 पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...1-2...

## डॉ. संध्या शर्मा स्वांग मंडली की अध्यक्ष बनीं



**हिसार** | हरियाणा लोक नाट्य समिति के वार्षिक सम्मेलन में डॉ. संध्या शर्मा को स्वांग मंडली की निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया। पंडित सूर्यभान शास्त्री की अध्यक्षता में कार्यकारिणी के सदस्यों ने यह निर्णय लिया। साथ ही पूर्व अध्यक्ष डॉ. सतीश कश्यप का भी आभार प्रकट किया। सतीश पिछले 15 सालों से सांग मंडली का नेतृत्व कर रहे थे। डॉक्टर सतीश कश्यप ने डॉक्टर संध्या शर्मा, विनोद गोल्डी, पंकज भारद्वाज, नवीन निषाद एवं अनिल सैनी का नाम अगली कार्यकारिणी के लिए मनोनीत किया। डॉक्टर सतीश कश्यप के नेतृत्व में 'राजा विक्रमादित्य', 'जानी चोर', 'फूल सिंह नौटंकी' के 150 से भी अधिक सफल मंचन हो चुके हैं। मंडली को भारत सरकार के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय थियेटर फेस्टिवल भारतीय रंग महोत्सव में लगातार 5 सालों से बुलाया जा रहा है। मंडली के संरक्षक डॉ रामकुमार यादव पूर्व अध्यक्ष छात्र कल्याण निदेशक ने बताया कि हरियाणा की यह पहली कला है जिसे स्पीक मैके ने मनोनीत किया, डॉ. संध्या शर्मा ने कहा कि इसके प्रचार व प्रसार के लिए वह मंडली के अलावा और कलाकारों को भी खुले मंच के रूप में स्थान देने की भरपूर कोशिश करेंगी। हरियाणा की इस एकमात्र स्वांग मंडली का चयन प्रयागराज कुंभ मेले में ललित कला अकादमी द्वारा किया गया है। मंडली द्वारा प्रयागराज मेले में 'महाभारत' का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसका नेतृत्व पंकज भारद्वाज व रिचा शर्मा करेंगी।